Fourteenth Loksabha

Session : 11
Date : 16-08-2007

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

>

Title: Need to release funds to the Government of Maharashtra for maintenance and repair of ponds in the State.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, महाराट्र राज्य के विदर्भ क्षेत्र के सिंचाई की अपर्याप्त सुविधा होने के कारण किसानों की स्थिति बड़ी दयनीय बन गई है। किसानों को सिंचाई उपलब्ध कराने में वन संवर्धन कानून बाधक बनने से राज्य सरकार भी यहां पर सिंचाई सुविधा के लिए उपोक्षा बरत रही है। सिंचाई के अभाव में वार्जल पर आश्रित किसानों को उत्पादन की गारंटी नहीं होने के कारण किसान कर्ज के गिरफ्त में फंसकर आत्महत्याएं कर रहे हैं। विदर्भ में ब्रिटिश कालीन तालाबों की बड़ी तादाद है, करीब दस हजार से अधिक की संख्या में इन तालाबों को माजी मालगुजारी तालाब के नाम से जाना जाता है। मरम्मत और अनुरक्षण के अभाव में आज बहुसंख्य तालाब सिंचाई की दृटि से अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। क्षमता के अनुरूप सिंचाई नहीं होने से किसानों को अपने फसलों को आंखों के सामने नट हुए देखने को मजबूर होना पड़ रहा है।

---

* Treated as laid on the Table of the House

विदर्भ क्षेत्र के चंद्रपुर, गडचिरोली, गोंदीया, भंडारा और नागपुर जिलों में स्थित इन दस हजार से अधिक माजी मालगुजारी तालाबों के मरम्मत और अनुरक्षण की स्थायी सुविधा की गई तो यहां के किसानों को सिंचाई का बड़ा लाभ मिल सकता है। राज्य सरकार की उपेक्षा और वित्तीय संसाधनों की कमी को देखते केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप कर विदर्भ के इन तालाबों के मरम्मत और अनुरक्षण के लिए धनराशि के आबंटन के साथ विशेा योजना तैयार करने की मांग करता हूं।